Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Thu - 09 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 94 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

## 55.35 करोड़ रुपये के फर्जी बिलिंग घोटाले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



चंडीगढ़, 9 जुलाई 2026: पंजाब के वित्त, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि राज्य कर विभाग ने 55.35 करोड़ रुपये के फर्जी बिलिंग घोटाले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। जालंधर स्थित मैसर्स रैमसन्स कॉर्पोरेशन के मालिक भूपिंदर शर्मा को पंजाब जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 के तहत गिरफ्तार किया गया।

जांच में सामने आया कि फर्म ने बिना वास्तविक माल आपूर्ति के फर्जी जीएसटी चालान जारी कर करीब 55.35 करोड़ रुपये की फर्जी बिलिंग की और लगभग 8.35 करोड़ रुपये का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) विभिन्न फर्मों को पास किया। इस आईटीसी का इस्तेमाल कुछ निर्यातकों द्वारा गलत आईजीएसटी रिफंड लेने के लिए किया जा रहा था, जिससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंच रहा था।

## पंजाब में 892 आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र तैयार, 132 जल्द होंगे बच्चों को समर्पित



चंडीगढ़, 9 जुलाई: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में राज्यभर में 892 आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा कर लिया है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि 1024 केंद्रों के लक्ष्य में से शेष 132 केंद्र निर्माण के अंतिम चरण में हैं और जल्द ही बच्चों को समर्पित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि से परे महंगे निजी स्कूलों जैसी गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और खेल-आधारित शिक्षण का अधिकार है। मिशन सक्षम के तहत प्रत्येक केंद्र के निर्माण के लिए 10 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इन केंद्रों में सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, बच्चों के अनुकूल कक्षाएं और बेहतर शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि ये आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा तथा शारीरिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देंगे।

# लोक मिलनी में डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण सिंह रौड़ी का बड़ा ऐलान, गांव सोली की सड़कों के लिए 60 लाख रुपये मंजूर



चंडीगढ़/गढ़शंकर (होशियारपुर), 9 जुलाई: पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर एवं गढ़शंकर से विधायक स. जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने गांव सोली में आयोजित लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को बड़ी सौगात देते हुए गांव की सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 60 लाख रुपये की ग्रांट जारी करने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और विकास संबंधी मांगें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार गांवों के समग्र विकास और लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लोक मिलनी कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को उनके बीच जाकर सुनना और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने बताया कि गांव सोली की सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए स्वीकृत 60 लाख रुपये की राशि से सड़क नेटवर्क को मजबूत बनाया जाएगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, परिवहन व्यवस्था बेहतर होगी और गांव के विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की आधारशिला होती हैं और सरकार इस दिशा में लगातार निवेश कर रही है।

स. जय कृष्ण सिंह रौड़ी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़शंकर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं और लोगों की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गांव की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों से जुड़े सुझाव भी डिप्टी स्पीकर के समक्ष रखे। उन्होंने सभी मांगों पर सकारात्मक विचार करने और चरणबद्ध तरीके से उन्हें पूरा कराने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार लोगों के सहयोग और सहभागिता से गांवों को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने डिप्टी स्पीकर का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए सड़कों के लिए 60 लाख रुपये की ग्रांट जारी करने पर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से गांव की लंबे समय से लंबित सड़क संबंधी समस्याओं का समाधान होगा और स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत सदस्य, समाजसेवी और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पंजाब और जम्मू-कश्मीर मिलकर देंगे डेयरी व पशुधन क्षेत्र को नई गति, किसानों के हित में बढ़ेगा सहयोग

चंडीगढ़, 9 जुलाई: पशुधन एवं डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन, डेयरी विकास तथा मत्स्य पालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां और जम्मू-कश्मीर सरकार के मंत्री सतीश शर्मा के बीच गुरुवार को किसान भवन, चंडीगढ़ में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में दोनों राज्यों के बीच पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, डेयरी क्षेत्र के विकास और किसानों के हित में अंतरराज्यीय सहयोग को नई दिशा देने पर विस्तृत चर्चा की गई।

स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने सतीश शर्मा के नेतृत्व में आए जम्मू-कश्मीर के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार संघीय ढांचे को मजबूत करने और राज्यों के बीच ज्ञान एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में सफल अनुभवों तथा श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान न केवल दोनों राज्यों बल्कि पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने बताया कि पंजाब देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है और यहां पशुधन विकास, आधुनिक डेयरी प्रबंधन तथा वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग से उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बैठक के दौरान दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, उच्च गुणवत्ता वाली नस्लों के विकास, आधुनिक प्रजनन तकनीकों को अपनाने, पशु स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा पशु चिकित्सा ढांचे को और मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

जम्मू-कश्मीर के मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि पशुपालन क्षेत्र में डिजिटल तकनीकों का अधिक उपयोग समय की आवश्यकता है। उन्होंने पशुओं के स्वास्थ्य की प्रभावी निगरानी, दूरदराज़ क्षेत्रों में सरकारी सब्सिडी के पारदर्शी वितरण तथा समय पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित करने और उन्हें मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने पंजाब सरकार द्वारा साझा किए गए अनुभवों और तकनीकी जानकारियों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि दोनों राज्यों के बीच संस्थागत सहयोग से पशुधन विकास को नई गति मिलेगी और किसानों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में आपसी सहयोग, आधुनिक तकनीक, अनुसंधान, प्रशिक्षण और नवाचार के माध्यम से किसानों को अधिक लाभ पहुंचाया जा सकता है। दोनों पक्षों ने भविष्य में भी इस तरह के सहयोग को मजबूत बनाने और साझा पहल के माध्यम से पशुधन एवं डेयरी क्षेत्र के सतत विकास के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



## पंजाब में 11-12 जुलाई को सभी पोलिंग बूथों पर एसआईआर विशेष शिविर




चंडीगढ़, 9 जुलाई: पंजाब में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से 11 और 12 जुलाई 2026 को राज्य के सभी पोलिंग बूथों पर दो दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) पंजाब, आईएएस अनिंदिता मित्रा ने बताया कि यह शिविर सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक लगाए जाएंगे, जहां मतदाता अपने गणना फॉर्म भरकर जमा कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि एसआईआर अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना फॉर्म भरवाने का कार्य कर रहे हैं, जो 24 जुलाई तक जारी रहेगा। इसके साथ ही विशेष शिविरों का आयोजन उन मतदाताओं की सुविधा के लिए किया जा रहा है, जिन्होंने अभी तक अपना गणना फॉर्म नहीं भरा है या किसी कारणवश उसे जमा नहीं कर पाए हैं।

अनिंदिता मित्रा ने प्रदेश के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और 11 या 12 जुलाई को अपने संबंधित पोलिंग बूथ पर पहुंचकर गणना फॉर्म अवश्य भरें और जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता ने अब तक फॉर्म नहीं भरा है, तो वह अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से भी संपर्क कर सकता है, जो पूरी प्रक्रिया में आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि 3 अगस्त 2026 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम शामिल होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस अभियान की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

उन्होंने बताया कि दोनों दिनों के विशेष शिविरों में प्रत्येक पोलिंग बूथ पर बीएलओ मौजूद रहेंगे, जो गणना फॉर्म भरने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने और फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया में मतदाताओं की सहायता करेंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभी नागरिकों से समय रहते गणना फॉर्म जमा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने की अपील की।



herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.